प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 01.02.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः—**

1— केंद्रीय वित्त मंत्री ने आज संसद में पेश किया बजट—किसानों के लिए पीएम धन—धान्य योजना की घोषणा के साथ ही बारह लाख रूपये तक की सालाना आय को करमुक्त किया गया।

2— मुख्यमंत्री ने इस बजट को भारत के सुनहरे भविष्य का दस्तावेज बताया—वहीं, कांग्रेस ने इसे निराशाजनक करार दिया।

3— बीजापुर में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में आठ माओवादी मारे गए हैं।

4— उत्तराखंड में चल रहे राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ ने आज योगासन में स्वर्ण और बैडमिंटन में कांस्य पदक हासिल किया।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**केंद्रीय बजट**

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज संसद में आगामी वित्त वर्ष के लिए केन्द्रीय बजट प्रस्तुत किया। यह एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है।

बजट पेश करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश के विकास के इंजनों के रूप में चार क्षेत्रों की पहचान की गई है। ये हैं – कृषि, लघु और मध्यम उद्योग—एमएसएमई, निवेश तथा निर्यात। अपने बजट भाषण के दौरान वित्त मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों के लिए अनेक घोषणाएं कीं।

**बजट में किसानों के लिए पीएम धन—धान्य कृषि योजना की घोषणा की गई है। इसके तहत देश के उन सौ जिलों को कवर किया जाएगा, जहां कृषि उत्पादन वर्तमान में कम है। इस योजना से डेढ़ करोड़ से अधिक किसानों को लाभ पहुंचेगा। अरहर, उड़द और मसूर पर विशेष ध्यान देने के लिए दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन शुरू किया जाएगा। अगले चार वर्षों के दौरान केंद्रीय एजेंसियां किसानों से ये दालें खरीदेंगी। किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा तीन लाख रूपये से बढ़ाकर पांच लाख रूपये करने का ऐलान किया गया।**

**एमएसएमई क्षेत्र को गारंटी कवर के साथ दिए जाने वाले ऋण को पांच करोड़ रूपये से बढ़ाकर दस करोड़ रूपये करने की घोषणा की गई है। इसके अलावा अनुसूचित जाति और जनजाति की पहली बार उद्यम शुरू करने वाली पांच लाख महिलाओं को दो करोड़ रूपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। नई कर व्यवस्था के तहत बजट में कहा गया है कि एक लाख रूपये तक प्रति महीने की औसत आय पर अब कोई कर नहीं लगेगा। वहीं, वेतनभोगी करदाताओं के लिए यह सीमा पचहत्तर हजार रूपये की मानक कटौती के कारण बारह लाख पचहत्तर हजार रूपये होगी। वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज पर कटौती की सीमा पचास हजार रूपये से बढ़ाकर एक लाख रूपये की गई है।**

**सरकारी स्कूलों में अगले पांच वर्षों के दौरान पचास हजार अटल टिंकरिंग प्रयोगशाला स्थापित की जाएंगी। भारत नेट परियोजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी। गिग वर्करों को पहचान पत्र दिया जाएगा और पीएम जनआरोग्य योजना के तहत ई—श्रम पोर्टल और स्वास्थ्य देखभाल के लिए उनका पंजीकरण किया जाएगा। कैंसर सहित अन्य असाधारण और गंभीर रोगों के उपचार के लिए छत्तीस जीवनरक्षक औषधियों को बुनियादी सीमा—शुल्क से छूट दी गई है।**
**समाचार डेस्क – आकाशवाणी, रायपुर**

**बजट–प्रतिक्रिया**

आज पेश हुए केंद्रीय बजट पर देश के वरिष्ठ नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बजट में किसानों के लिए जो घोषणा हुई है, वो कृषि क्षेत्र और समूची ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई क्रांति का आधार बनेगी।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह बजट भारत के सुनहरे भविष्य का दस्तावेज है।

वहीं, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि इस बजट से तय हो गया है कि भारत, विश्व का नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा कि यह गरीब, किसान और मध्यम वर्ग के जीवन को संवारने वाला बजट है।

वहीं दूसरी ओर, कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि
इस बजट ने जनता की उम्मीदों पर पानी फेरा है।

वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इसे झूठे वादे और खोखले दावे का बजट बताया। उन्होंने कहा कि इस बजट में महंगाई और बेरोजगारी को कम करने का कोई रोडमैप नहीं है और यह निराशाजनक बजट है।

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अमर पारवानी ने आज पेश किए गए केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट छोटे व्यापारियों को फायदा पहुंचाने वाला बजट है।

वहीं, छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ कर्मचारी–अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने कहा कि यह बजट मध्यम वर्ग के लिए बहुत राहत लेकर आया है।

आज पेश किए गए बजट का समाज के विभिन्न वर्गों, खासकर मध्यम वर्ग ने स्वागत किया है।

समाचार डेस्क, आकाशवाणी रायपुर।

**बजट–विशेष कार्यक्रम**

श्रोताओं, आज पेश हुए बजट पर प्रादेशिक समाचार एकांश द्वारा एक विशेष कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगा। इस विशेष कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा आज रात साढ़े आठ बजे से होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे।

**माओवादी मुठभेड़**

बीजापुर में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में आठ माओवादी मारे गए हैं। इन माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। सुरक्षा बलों ने मौके से इंसास रायफल और बैरल ग्रेनेड लॉन्चर सहित अनेक हथियार बरामद किए हैं।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गंगालूर क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड, स्पेशल टास्क फोर्स, सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। आज सुबह से सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच रूक–रूककर अनेक बार गोलीबारी हुई। पुलिस ने इस मुठभेड़ में कई और माओवादियों के मारे जाने की संभावना व्यक्त की है। क्षेत्र में सर्च अभियान अभी भी जारी है।

**धान खरीदी**

राज्य में इस साल किसानों से समर्थन मूल्य पर रिकॉर्ड एक सौ उनचास लाख मीटरिक टन से अधिक धान की खरीदी की गई है। चौदह नवंबर से इकतीस जनवरी तक चले धान खरीदी अभियान के तहत करीब साढ़े पच्चीस लाख किसानों ने धान बेचा। इसके एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग के माध्यम से इकतीस हजार नवासी करोड़ रूपये का भुगतान किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि राज्य सरकार अंतर की राशि बहुत जल्द किसानों के खाते में भेजेगी।

## कृषि विवि–दीक्षांत समारोह

रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के दसवें दीक्षांत समारोह में आज राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। समारोह में सोलह मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण, अट्ठारह को रजत और चार छात्रों को कांस्य पदक प्रदान किया गया। इसके साथ ही करीब चार हजार दो सौ विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन, पोस्ट गेजुएशन और पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई।

## निकाय चुनाव–उम्मीदवार

प्रदेश में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव के तहत नाम वापसी के बाद राज्य के विभिन्न नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में महापौर तथा अध्यक्ष पद के लिए कुल सात सौ छियानवे प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं। कल नाम वापसी के अंतिम दिन एक सौ अट्ठाईस प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस लिए। प्रदेश के दस नगर पालिक निगम, उनचास नगर पालिका और एक सौ चौदह नगर पंचायतों में ग्यारह फरवरी को मतदान होगा। मतगणना और चुनाव परिणामों की घोषणा पंद्रह फरवरी को की जाएगी।

वहीं, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए इस समय नामांकन जमा करने की प्रक्रिया जारी है। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि तीन फरवरी है।

## उत्तराखंड–राष्ट्रीय खेल

उत्तराखंड में चल रहे राष्ट्रीय खेल के पांचवे दिन आज छत्तीसगढ़ ने एक और स्वर्ण पदक हासिल किया है।

योगासन के आर्टिस्टिक पेयर इवेंट के फाइनल राउंड में प्रदेश के प्रकाश साहू और प्रभाकर सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्वर्ण पदक जीता। वहीं, बैडमिंटन में छत्तीसगढ़ की पुरूष टीम को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा है।

आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए दल के उप प्रमुख प्रशांत सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ अब तक इन राष्ट्रीय खेलों में दस पदक जीत चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

## समाचार संक्षेप में ...

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायगढ़ जिले में बर्ड फ्लू के प्रकरण की पुष्टि होने पर इसे गंभीरता से लेते हुए राज्यभर में बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए दिशा–निर्देश दिए हैं।

- अग्निवीर वायु सेना में भर्ती के लिए कल दो फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं।

- छत्तीसगढ़ राईस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही उन्होंने अपनी पूरी कार्यकारिणी भंग करने की घोषणा भी की है।

- दंतेवाड़ा में चेक पर फर्जी हस्ताक्षर करके जिला अस्पताल के डीएमएफ मद से छियासठ लाख रूपये निकालने के आरोप में सहायक अकाउंटेंट के साथ ही एसबीआई के सीनियर मैनेजर को गिरफ्तार किया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>